# सरकार बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही : ऊर्जा मंत्री नागर

## सीकर में ऊर्जा राज्य मंत्री नागर ने संभागीय अधिकारियों की ली बैठक, दिए निर्देश

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने विद्युत विभाग के निगमों के संभागीय अधिकारियों से कहा कि सरकार बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। ऊर्जा मंत्री नागर शुक्रवार को सीकर में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विद्युत विभाग के संभागीय अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, साथ ही संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता, सक्रियता के साथ कृषि कनेक्शन जारी करें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विद्युत तंत्र को सुदृढ करने का काम कर रही है। ऊर्जा मंत्री नागर ने बैठक में विभागीय अधिकारियों को बिजली आपूर्ति के सिस्टम को मजबूत करने और नई परियोजनाओं को गति देने पर जोर दिया। उन्होंने कृषि उपभोक्ताओं के लिए विद्युत आपूर्ति सूनिश्चित करने के लिए बडवासी, मुकन्दगढ़ मण्डी, देवीपुरा, कुमावास, नवलगढ़ में 132 केवी,33 केवी के प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के निर्देश दिए ताकि स्वीकृति जारी की जा सके। उन्होंने रबी की फसल के लिए कृषि उपभोक्ताओं को 6 घण्टे निर्बाध बिजली और घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने थोई में जले हुए ट्रांसफार्मर को तुरन्त बदलने और विद्युत कनेक्शन समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री नागर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान हो और रबी सीजन के लिए विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं तथा निगम भण्डारों में विद्युत की पर्याप्त सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित हो। वर्तमान सरकार बिजली तंत्र को सुधारने और मजबूत करने के लिए भरसक कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नए जीएसएस, नए ग्रिड सबस्टेशन लगाने की प्रकिया शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विद्युत सुधार के लिए फीडर सेपरेशन के तहत केन्द्र सरकार से 7 हजार 8 करोड़ का प्रोजेक्ट स्वीकृत हुआ है, जिससे हेम मॉडल में सोलर प्लांट लगाने का काम किया जा रहा है साथ ही विद्युत कार्मिकों की मीटर, बिल, रिडिंग की समस्याओं का समाधान भी किया गया है। बैठक में सीकर सांसद अमराराम, धोद विधायक गोर्वधन वर्मा, नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर ने अपने—अपने क्षेत्रों में विद्युत की नियमित आपूर्ति करवाने, ग्रिड स्टेशन, सबस्टेशन स्वीकृत करवाने, कृषि कनेक्शन दिये जाने की गति को बढ़ाने, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में किसानों को मोटिवेट करने, सांवली भूखरों का बास, गुनाठू में 33 केवी सब स्टेशन स्वीकृत करवाने, धोद बस स्टेण्ड के उपर से गुजर रही विद्युत लाईनों को हटवाने के संबंध में ऊर्जा मंत्री से मांग की। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक के.पी वर्मा ने बैठक में कृषि कनेक्शन जारी करने कि स्थिति, आरडीएसएस एवं कुसुम योजनाओं एवं फीडर सेपरेशन की वर्तमान स्थिति, निगम भण्डारों में उपलब्ध सामग्री की वर्तमान स्थिति , पीएम सूर्य घर योजना सहित डिस्कॉम तंत्र की अब तक की वर्तमान स्थिति कार्य प्रगति के संबंध में ऊर्जा मंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल, जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार,अधीक्षण अभियन्ता सीकर अरूण जोशी,झुझुनू एम के टीबड़ा, नीमकाथाना शीशराम, अधीशाषी अभियन्ता सीकर संजीव पारीक, वेदप्रकाश शर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता सहित विद्युत विभाग के संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## 20 छात्राओं को बांटी निःशुल्क साइकिल



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** रा.उ.मा. विद्यालय न्यौराना में कक्षा 9 की 20 छात्राओं को सरकार की नि:शुल्क साईकिल योजनान्तर्गत साईकिल वितरित की गई। जिससे छात्राओं को विद्यालय आवागमन में सुविधा होगी तथा समय की बचत भी होगी। छात्राएं साईकिल पाकर खुशी से झूम उठी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बनवारी लाल उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं को साईकिल का रख रखाव रखने एवं समय पर विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य निर्मला देवी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार, नरेश कुमार, पवन कुमार सैनी, हनुमान प्रसाद, रोशन लाल योगी, प्रेम, ओमप्रकाश, विजय कुमार यादव, मनीष, नेतराम, कैलाशचंद, सुभाष चंद, कृष्णकुमार, श्रीचंद सैनी, राजकमल उपस्थित रहे।

## भारतीय स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ लक्ष्मणगढ़।** स्थानीय मनासिया रोड़ स्थित भारतीय शिक्षण संस्थान के डिग्री कॉलेज एवं 3 राज बटालियन एन.सी.सी. सीकर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्त दाताओं ने रक्तदान कर पुनित कार्य में अपना सहयोग किया। कॉलेज निदेशक रामस्वरूप महला ने बताया कि कल्याण अस्पताल सीकर से डॉक्टर कैलाश जाट, ब्लड बैंक प्रभारी सत्येन्द्र खुड़ी व एनसीसी से सुबेदार सौदागर सिंह, हवलदार नरेन्द्र कुमार के निर्देशन में प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक इस कैम्प का आयोजन किया गया। निदेशक महला ने रक्त दान कर कार्य का शुभांरभ किया और बताया कि संस्था के कार्मिकों व छात्र–छात्राओं ने 83 यूनिट का दान कर महान कार्य में सहयोग किया, जिसके लिए समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया। संस्था प्रबंधक धर्मेन्द्र थालौर व सीटीओ राकेश कुमार मील ने इस कार्य का प्रबंधन किया।

## कारागृह की सुरक्षा व्यवस्था का रखें पूरा ध्यानः संभागीय आयुक्त

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** संभागीय आयुक्त सीकर वंदना सिंघवी ने शुक्रवार को जिला कारागृह सीकर का आकस्मिक निरीक्षणं किया। निरीक्षण के दौरान कारागृह मे सफाई व्यवस्था एवं रसोई घर, बंदियों के भोजन की गुणवता, जैल डिस्पेंसरी, पुस्तकालय, कैन्टीन, वी.सी. रूम, बंदियों से मुलाकात कक्ष, बंदी बैरक, बंदी वार्ड, महिला बंदी वार्ड एवं निरुद्ध बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

संभागीय आयुक्त सिंघवी ने निरीक्षण के बाद जिला कारागृह अधीक्षक को निर्देशित किया की कारागृह की सुरक्षा व्यवस्था का पूरा—पुरा ध्यान रखें तथा बैरक नम्बर 6 व 7 के कोट यार्ड बनवाये जावे एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला कारागृह में सीसीटीवी कैमरों का तुरंत प्रभाव से विस्तार किया जावे। संभागीय आयुक्त के निरीक्षण के दौरान कारागृह का आंतरिक प्रबंधन अच्छा पाया गया।

## शिविर में 151 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** स्मृति शेष ललिता बबली के प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान सिविल आयोजित किया गया। शिविर में 151 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। ललिता बबली की बहन सुमन सारण नर्सिंग अधिकारी व राजकुमार बिरख द्वारा पिपराली में शिविर आयोजित किया गया जिसमें रक्तदाता नरेंद्र दीनारपुरा, सुशीला भूकर पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, ओमप्रकाश मूंड, ताराचंद भूकर, आशु गढ़वाल, सीबीओ पिपराली अशोक मूंड, शिक्षाविद् बीरबल आर्य, ताराचंद घायल, विजयपाल खीचड़, कामरेड जयप्रकाश पूनिया, अनिल धिंवा, सुनील खुद, संतोष मूंड, आदि ने अपना योगदान देकर रक्तदान शिविर को सफल बनाया। अंत में परमेश्वर बिरख द्वारा सभी का अभिनंदन किया गया।

## लंबित मामलों के जल्द निस्तारण के लिए कलक्टर ने किया निर्देशित

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** जिला कलक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर शर्मा ने सभी अधिकारियों से राजस्व मामलों की प्रगति रिपोर्ट ली तथा संबंधित अधिकारियों को उनसे संबंधित राजस्व कार्यों को मिशन मोड पर लेकर उनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर शर्मा ने निर्देशित किया कि उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार बंटवारा एवं विभाजन करते समय रास्ते के प्रावधान का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों को एवरेज फाईल डिस्पोजल में एक घण्टे से कम का समय लगाने, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त, मानवाधिकार के प्रकरणों की रिपोर्ट समय पर भिजवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि 23 नवम्बर को मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा आयोजित करवाने के साथ ही 24 नवम्बर को विशेष शिविर आयोजित कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का कार्य करना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर शर्मा ने लेण्ड कनवर्जन के प्रकरणों का 45 दिवस में निस्तारण करने, रास्तों के विवाद, 183 बी, सीमाज्ञान, इजराय, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। फतेहपुर उपखण्ड अधिकारी को मण्डावा बाईपास रोड़ की भूमि अवाप्ति मुआवजा वितरण,खण्डेला उपखण्ड अधिकारी को काटली नदी पर किये गये अतिक्रमण को हटाने के संबंध में कार्यवाही करने,सभी उपखण्ड अधिकारियों को ब्लेक स्पोटस को चिन्हित कर तत्काल कार्यवाही करने, उपखण्ड स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक लेने तथा नगर पालिकाओं में स्वच्छता सर्वेक्षण करवाने, विमुक्त, घुमन्तु, अर्दघुमन्तु के अपने—अपने क्षेत्र में 27 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक कलस्टर वाईज शिविर आयोजित करने के संबंध में कार्य योजना तैयार करने संबंध में निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर शर्मा ने अपने उपखण्ड क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रहें, इसके संबंध में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ नियमित मॉनिटरिंग करने,प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करने, जल जीवन मिशन से संबंधित 21 स्थानों पर भूमि आवंटन के लिए कार्यवाही करने के साथ ही अपने—अपने क्षेत्र में कृषि आदान बीज, उर्वरक,खाद की उचित आपूर्ति की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सैनिक स्कूल में हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** सैनिक स्कूल में शुक्रवार को अन्तर सदनीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया एवं उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। स्कूल के हॉकी ग्राउंड में आयोजित हो रही इस अंतर सदनीय हॉकी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि स्कूल की कार्यवाहक प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव थी। स्कूल के सीनियर मास्टर ओंकार सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बाबूलाल शिवरान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल आठ सदनों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता को जूनियर एवं सीनियर दो वर्गों में बांटा गया। इस प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में कक्षा दसवीं से बाहरवीं एवं जूनियर वर्ग में कक्षा सातवीं से नवीं के छात्र भाग लेंगे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह टीम वर्क, नेतृत्व और अनुशासन जैसे जीवन-मूल्यों को भी सिखाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से खेल भावना बनाए रखने और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की अपील की। अंतर सदनीय हॉकी प्रतियोगिता आगामी सप्ताह तक चलेगी, और विजेता टीम को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार 22 दिसम्बर को आयोजित होने वाली इस वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु शुक्रवार को न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में सेवा प्राधिकरण सचिव सुनील कुमार गोयल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजित की गई। बैठक में गोयल ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर लोक अदालत में राजीनामे से निस्तारित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# सगुन में लिया एक रूपया और नारियल दहेज मुक्त शादी का दिया संदेश



**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामन सिटी।** शिक्षा के बढ़ावे से समाज में कई तरह के सुधार देखने को मिल रहे हैं, वही जागरूक लोग विभिन्न आयोजनों में फिजूलखर्ची भी रोक रहे हैं। शिक्षित लोग दहेज मुक्त शादी को भी बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसा ही उदाहरण कुचामन सिटी में देखने को मिला हैं जहां एक शादी में वर पक्ष की और से दहेज प्रथा जैसी कुरीति को खत्म करने की पहल की गई। वर पक्ष ने दहेज के रूप में केवल एक रूपया और नारियल स्वीकार किया, वहीं दोनों पक्षों की और से सादगी के साथ निकाह की सारी रस्में निभाई गई और बिना लेन-देन के हुआ ये शादी समारोह,क्षेत्र में एक अनूठी मिसाल बन गया है। बता दें कि कुचामन सिटी निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आरिफ खान के बेटे सालिक खान की शादी लाड़नू निवासी हबीब खान की बेटी सलमा संग तय हुई। शादी से पहले ही वर-वधू पक्ष ने आपसी सहमति से समाज की कुरीतियां मिटाने और शादी समारोह को पूर्णतया सादगीपूर्ण रखने, शादी को दहेजमुक्त कर समाज को दहेजप्रथा उन्मूलन का संदेश देने का संकल्प लिया। दहेज प्रथा पर भी प्रहार करते हुए वर पक्ष की और से पहल करते हुए समारोह में दूल्हे के पिता आरिफ खान ने उपस्थित जन समुदाय को पुत्र की शादी में दहेज प्रथा खत्म करने की बात कहते हुए शादी में नेग के रूप में एक रूपया और एक नारियल लेने की बात रखी। दोनों परिवारों और आए हुए रिश्तेदारों ने मिलकर इस प्रस्ताव को स्वीकृत किया और समाज को एक नई दिशा दी और बगैर लेन-देन के सालिक खान का निकाह सलमा के साथ संपन्न हुआ।

**दहेज रहित शादी समाज के लिए संदेश :** सालिक खान और सलमा की शादी में शरीक होने के लिए छत्तीसगढ़ के सीनियर आईपीएस और दूल्हे के पिता आरिफ खान के अज़ीज़ मित्र आईजी रतन लाल डांगी खास तौर पर कुचामन पहुंचे और दुल्हा - दुल्हन को दुआएं दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि समाज में धीरे-धीरे दहेज प्रथा जैसी कुरीति के खिलाफ जागरूकता रही है और शिक्षाविद आरिफ खान के बेटे सालिक खान की शादी, इसी कुरीति को खत्म करने की दिशा में एक और कदम है। समारोह में शिरकत करने वाले कुचामन नगर परिषद के सभापति आसिफ खान ने भी बगैर लेन-देन के हुई इस शादी को प्रेरक बताया। समाजसेवी कॉमरेड अब्बास खान ने कहा कि समाज को ऐसी ही पहल की जरूरत है जैसी शिक्षाविद आरिफ खान ने अपने बेटे सालिक खान की शादी में की है।

मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी के सचिव अकीक अहमद उस्मानी ने बताया कि निकाह को आसान करना चाहिए ताकि आम लोगों की बेटियां घर से आसानी से रुखसती ले सकें। शिक्षाविद अरशद अख्तर कुरैशी ने कहा की समाज में फिजूल खर्ची रोककर इसी पैसे से समाज में शिक्षा और दूसरे समाज सुधार के कार्य करने की आवश्यकता है।

# किसानों को जागरूक करने के लिए गोष्ठी का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** पंजाब नेशनल बैंक की बीदासर और खिरवा शाखाओं ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें बीदासर, खिरवा, पुनिया का बास, बिडोदी बड़ी, डुडवा, खेड़ी राडान, खींवसर और आस-पास के गांवों के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

यह गोष्ठी किसानों को जागरूक करने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पंजाब नेशनल बैंक जयपुर-सीकर मंडल प्रमुख सुधांशु भूषण ने किसानों को बैंक की विभिन्न योजनाओं जैसे फार्म पॉंड, पीएम कुसुम योजना, पॉली हाउस योजना, भू योजना और अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को अपनी आय बढ़ाने और समृद्धि प्राप्त करने के अनूठे उपाय भी सुझाए। गोष्ठी का मंच संचालन शेखावाटी के प्रसिद्ध हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप गोदारा सरपंच, बीदासर, ओमप्रकाश मील वरिष्ठ अध्यापक, लालचंद, नेमीचंद बिजारणियां, वैद्य रामानंद स्वामी और प्रभु लाल मंचासीन रहे। बीदासर शाखा के प्रबंधक संदीप कुमार दायमा ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया। खिरवा शाखा की प्रबंधक पेमल आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



कृषि प्रबंधक सुदेश पुनिया ने किसानों को कृषि ऋण योजनाओं जैसे फार्म पोंड, भूमि खरीदी योजना, कृषक साथी स्कीम, डेरी केसीसी, तत्काल कृषि ऋण, किसान गोल्ड स्कीम, सोलर रूफटॉप और प्याज भंडारण योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

## जिला रोजगार कर्यालय में सुरक्षा जवानों की भर्ती 25 से

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** जिला रोजगार कार्यालय में एस.एस.सीआई, उदयपुर, द्वारा सुपरवाईजर एवं सुरक्षा जवान की भर्ती 25 से 29 नवंबर तक जिला कलेक्ट्रेट में कमरा नंबर 120 में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 25 नवंबर को गंगरार एवं राशमी ब्लॉक, 26 नवंबर को भूपाल सागर एवं कपासन, 27 नवंबर को भदेसर एवं निंबाहेड़ा, 28 को बड़ीसादड़ी एवं डूंगला तथा 29 नवंबर को चित्तौड़गढ़ एवं बेंगू ब्लॉक हेतु भर्ती की जाएगी। भर्ती के लिए शारीरिक मापदंड लंबाई न्यूनतम 168 सेमी, वजन 55 से 95 किलोग्राम के बीच एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होना चाहिए तथा उम्र 19 वर्ष से 40 वर्ष हो।

## जिला कलक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुन अधिकारियों को किया निर्देशित

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत समिति भैंसरोड़गढ़ की बरखेड़ा ग्राम पंचायत के राउमावि परिसर में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने एक-एक कर ग्रामीणों के अभाव-अभियोग सुने और उनके निराकरण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में पट्टा, पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा, कृषि कनेक्शन, किसान सम्मान निधि, पेंशन, बिजली, अतिक्रमण हटाने सहित सरकारी विभागों से लगभग 30 प्रकरणों में आमजन की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को परित्याकता महिलाओं की पेंशन तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को गांव में पेयजल के लिए ट्यूबवेल लगाने, सार्वजनिक निर्माण विभाग को एकलिंगपुरा से गांधीसागर तक सड़क बनाने, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
निविदा सूचना
इस वृत्त के अधीन कार्यालय अधिशाषी अभियंता (220 केवी जीएसएस) रा.रा.वि.प्र.नि.लि. [illegible] में Transformer Overhauling हेतु निविदा संख्या 05/2024-25 (UBN No. VPN2425SSOB02064) एवं कार्यालय सहायक अभियंता (132 केवी जीएसएस) रा.रा.वि.प्र.नि.लि. नवलगढ़ में Dismantling of 11KV Substation Structure हेतु निविदा संख्या 02/2024-25 (UBN No.VPN2425SSOB02067) आमंत्रित की जाती है। अन्य विवरण वेबसाइट https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://energy.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।